तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 तानसेन भवन में सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### हर्राटोला में जल चौपाल का आयोजन

**अनूपपुर।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जन अभियान परिषद के माध्यम से जल संरक्षण की गतिविधियां निरंतर जारी हैं। इसी कड़ी में सेक्टर-1 दुधमनिया के अंतर्गत नवांकुर संस्था आजाद नवयुवक ग्रामीण संस्थान हर्राटोला द्वारा ग्राम पंचायत हर्राटोला में जल चौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों के साथ जल बचाने एवं ग्राम की छोटी-छोटी नदियों व नालों में जल सुरक्षित करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों और ग्रामीणों ने इस बात पर जोर दिया कि वर्षा ऋतु के पूर्व स्थानीय जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना अनिवार्य है ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। जल चौपाल में ग्रामवासियों ने नवांकुर संस्था के साथ मिलकर जल संरक्षण के लिए सामूहिक श्रमदान करने का निर्णय लिया। इसके तहत आगामी दिनों में ग्राम के समीप स्थित जल संरचनाओं की सफाई और गहरीकरण का कार्य जन-भागीदारी से किया जाएगा।

### विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन

**अनूपपुर।** जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में निरंतर वृद्धि एवं लू के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त सीबीएसई, आईसीएसई एवं नवोदय विद्यालयों का संचालन अब प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। यह व्यवस्था नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक की सभी कक्षाओं पर तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पूर्व से निर्धारित परीक्षाएं यथावत अपने निर्धारित समय पर संचालित होंगी। विद्यालयों के साथ-साथ जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में भी संशोधन किया गया है। अब आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के लिए प्रातः 8:30 से 11:30 बजे तक संचालित होंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की अन्य विभागीय गतिविधियां पूर्ववत जारी रहेंगी।

### खड़े ट्रक से टकराई बस एक की मौत, कई घायल

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस अंतरराज्यीय मार्ग पर गुरुवार की मध्यरात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बिहार-झारखंड से अंबिकापुर आ रही रॉयल यात्री बस क्रमांक सीजी 06 जीवाई 0729 ग्राम कल्याणपुर नवापारा के पास सड़क किनारे खराब हालत में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजे 2971 से पीछे से टकरा गई। बताया गया कि ट्रक चालक द्वारा कोई भी सुरक्षा संकेत या चेतावनी चिन्ह नहीं लगाया गया था जिसके कारण घोर अंधेरा होने पर यह दुर्घटना घटित हुई। घटना रात करीब 11.30 से 11.45 बजे के बीच की बताई जा रही है। उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे चालक को खड़ी ट्रक का अंदाजा नहीं लग सका। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना में दर्जनभर यात्री घायल हुए हैं जिनमें चार की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। वहीं एक यात्री की मौत की खबर है। सूचना मिलते ही लटोरी और खड़गवां पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को चौकी परिसर में खड़ा कर लिया है। बस में सवार अधिकांश यात्री पलामू जिले के छतरपुर, कल्याणपुर, बरगढ़, रामानुजगंज और भंडरिया क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

### लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई थी वॉटर एटीएम

# वॉटर एटीएम बंद, पेयजल की समस्या गहराई



**व्यवस्था ऐसी की पेयजल हो रहा बर्बाद**

जिले का जल क्रांति अभियान ग्राम कटगोड़ी में पेयजल का संकट उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कटगोड़ी में पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है, जिसमें से नल के प्वाइंट उचित तरीके से नहीं दिए गए हैं और न ही टोटी लगाई गई, इसके चलते सप्लाई के पाइप लाइन से पेयजल प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कटगोड़ी के मुख्य मार्ग किनारे कुछ जगहों पर नल के प्वाइंट हैं, जहां से पाइप लगाकर पेयजल प्राप्त किया जाता है और फिर पानी बेकार बहता रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचल में भी कोरिया नीर वाटर एटीएम लाखों खर्च कर स्थापित किए गए हैं, लेकिन इसके संचालन के लिए जिम्मेदार विभाग की बेरूखी के चलते कई जिला मुख्यालय सहित जिले के कई जगहों पर स्थापित कोरिया नीर वाटर एटीएम बंद पड़े हैं। कहीं का वाटर एटीएम एक बार खराब होने के बाद दुबारा सुधार कार्य करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया गया।

इस तरह लाखों खर्च करने के बाद भी विभिन्न जगहों पर स्थापित वाटर एटीएम से लोगों को एक बूंद भी पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही हाल कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत जल क्रांति अभियान ग्राम कटगोड़ी की है। जानकारी के अनुसार जल ग्राम कटगोड़ी में अस्पताल परिसर के पास लाखों खर्च कर कोरिया नीर वाटर एटीएम स्थापित किया गया है जो लंबे समय से बंद पड़ा है, इसके सुधार करने की दिशा में संचालन के लिए जिम्मेदार विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं और न ही पंचायत प्रतिनिधियों ने भी बंद पडे कोरिया नीर वाटर एटीएम को चालू कराने की दिशा में गंभीरता से पहल नहीं कर रहे हैं, इसके चलते ग्राम कटगोड़ी में अस्पताल परिसर के पास स्थापित कोरिया नीर वाटर एटीएम बीते स्थापित होने के बाद से बंद पड़ा है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले का ग्राम कटगोड़ी जल क्रांति अभियान ग्राम है तथा ग्राम पंचायत कटगोड़ी को आदर्श पंचायत का दर्जा दिया गया है, लेकिन यहां गर्मी शुरू होने के साथ ही पेयजल संकट का सामना लोगों को करना पड़ता है। आदर्श ग्राम में तो पेयजल की सुविधा सुव्यवस्थित होनी चाहिए, लेकिन मिली सुविधा ही स्थापित होने के बाद से बंद पड़ा है स्थानीय लोगों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संबंधित विभाग को इस दिशा में गंभीरता से पहल करने की जरूरत है, ताकि महीनों से बंद पड़े कोरिया नीर वाटर एटीएम का सुधार कार्य कर चालू किया जा सके और लोगों को इसका लाभ मिल सके।



बंद कोरिया नीर।



पाइप से भरते हैं पानी

# गुफा में भालू का हमला साधु की मौके पर मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- ग्राम रेद स्थित बाघमाड़ा का मामला

एमसीबी जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जनकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेद स्थित बाघमाड़ा के घने जंगल में बीती रात एक साधु बाबा लोकराम पर भालू ने हमला कर दिया, इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार बाबा लोकराम पिछले कई वर्षों से बाघमाड़ा के जंगल क्षेत्र में स्थित एक गुफा में रहकर तपस्या कर रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक यह इलाका घने जंगलों और वन्य जीवों की गतिविधियों के लिए जाना जाता है। खासकर गर्मी के मौसम में जंगली जानवर पानी और ठंडक की तलाश में गुफाओं और छायादार स्थानों की ओर रुख करते हैं। बताया जा रहा है कि बीती रात भी एक भालू ठंडक की तलाश में उसी गुफा में पहुंच गया, जहां बाबा लोकराम मौजूद थे। गुफा के अंदर अचानक आमना-सामना होने के बाद भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमला इतना तेज और खतरनाक था कि बाबा को बचाव का मौका तक नहीं मिल सका और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जनकपुर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वन विभाग ने भी इलाके में गश्त बढ़ा दी है और भालू की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बाघमाड़ा क्षेत्र में पहले भी भालुओं की मौजूदगी देखी गई है, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं। प्रशासन और वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगल क्षेत्रों में अकेले न जाएं और विशेष सतर्कता बरतें। साथ ही किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करने की सलाह दी गई है।



# एमसीबी में पांच नई समितियों का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के किसानों के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है, जिसके तहत जिले में 40 वर्षों के इंतजार के बाद 5 नई प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समितियों का विधिवत शुभारंभ किया गया।



इस पहल से क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के सतत प्रयासों से यह संभव हो पाया। किसानों की समस्याओं को देखते हुए लंबे समय से नई समितियों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब अमल में लाया गया है। इन समितियों का वर्चुअल उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा डिजिटल माध्यम से किया गया। पूरे प्रदेश में कुल 515 समितियों के साथ-साथ एमसीबी जिले की 5 नई समितियों का शुभारंभ हुआ। जिले के बरदर, रतनपुर, सिंघत, बंजी और कुंवारपुर में स्थापित इन समितियों के उद्घाटन को ग्रामीणों ने एलईडी स्क्रीन ⏭ शेष पेज 4 पर

### भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा 19 को

**अम्बिकापुर।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती के समस्त कार्यक्रमों एवं शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सरगुजा सर्व ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने सभी से परिवार सहित शोभायात्रा, अखंड रामायण एवं समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होने और सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता का अनुरोध किया है।। श्री तिवारी ने सरगुजा जिले के सभी ब्लॉकों, ग्रामों में निवासरत ब्राह्मण परिवारों, ब्लॉक इकाई, पंचायत इकाई सहित सभी युवा प्रकोष्ठ ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों ने इस गरिमामयी कार्यक्रम में योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 19 अप्रैल को शाम 4 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा मां दुर्गा मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होकर देवीगंज रोड स्कूल रोड होते हुए रामानुजगंज मार्ग केनाबांध स्थित भगवान परशुराम मंदिर में संपन्न होगी।

# कोरिया जिले में 27 नई सड़कों का शिलान्यास

- 131 किमी सड़क निर्माण से दूरस्थ गांवों को मिलेगा पक्का रास्ता

**बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को जशपुर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज-4) के तहत प्रदेशभर में सड़कों के निर्माण कार्यों का वर्चुअल शुभारंभ, भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

इस योजना के अंतर्गत राज्य के 780 पात्र बसाहटों को जोड़ने के लिए 774 सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिनकी कुल लंबाई 2427 किमी और लागत 2225 करोड़ रूपए हैं। इसी क्रम में कोरिया जिले को भी बड़ी सौगात मिली है। जिले में कुल 27 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 131.84 किमी तथा लागत 11309.13 लाख रूपए है। जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इन कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। बैकुंठपुर विकासखंड में 17 सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिनकी कुल लंबाई 74.70 किमी और लागत 6549.36 लाख रूपए है। वहीं सोनहत क्षेत्र में 10 सड़कों का निर्माण होगा, जिसकी लंबाई 57.14 किमी और लागत 4759.77 लाख रूपए निर्धारित की गई है। इन सड़कों के निर्माण से जिले के दूरस्थ और दुर्गम गांवों में रहने वाले हजारों ग्रामीणों को पक्की सड़कों की सुविधा मिलेगी। अब तक पगडंडियों पर निर्भर रहने वाले ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी, समय की बचत होगी और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाजार तक पहुंच बेहतर होगी। साथ ही क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, बैकुंठपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष उदय सिंह सिंदराम व सोनहत जनपद पंचायत के अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के कार्यपालन यंत्री दिलीप मिंज, एसडीओ अनुराधा पैकरा व अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# अब नहीं होगा नदियों-तालाबों में प्रदूषण

- नगर पालिका में पुष्प वाहन का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए नगरपालिका क्षेत्र में पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल द्वारा पुष्प वाहन का शुभारंभ किया गया।

इस विशेष वाहन के संचालन से अब पूजा सामग्री के अवशेषों का व्यवस्थित संग्रहण और वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। अब तक नगर क्षेत्र में मंदिरों, घरों और विभिन्न धार्मिक आयोजनों से निकलने वाली पूजा सामग्री जैसे फूल-माला, नारियल, कपड़ा आदि अक्सर नदियों और तालाबों में विसर्जित कर दी जाती थी, जिससे जल स्त्रोत प्रदूषित हो रहे थे। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका ने यह अभिनव पहल शुरू की है। पुष्प वाहन के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डों में पूजा सामग्री का संग्रह किया जाएगा और उसे एक निर्धारित स्थान पर ले जाकर कंपोस्ट (जैविक खाद) बनाया जाएगा, इससे न केवल जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा, बल्कि जैविक खाद तैयार कर पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल ने कहा कि यह पहल स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे पूजा सामग्री ⏭ शेष पेज 4 पर



शुभारंभ पर उपस्थित लोग।

### शौर्यवर्धन ने जीता रजत पदक

**अंबिकापुर।** विश्वव्यापी सुपर लीग ओपन अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप ताइक्वांडो में शौर्यवर्धन सिंह ने रजत पदक जीता जयपुर में 10 से 12 तारीख तक आयोजित वर्ल्ड वाइड सुपर लीग ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में 48 किलोग्राम वजन वर्ग में खेलते हुए शौर्यवर्धन सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। शार्य वर्धन सिंह माउंट लिटरा स्कूल अम्बिकापुर के छात्र है।



# गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**अनूपपुर।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों को लू (तापघात) के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और सलाह जारी की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन होने के कारण तापघात की स्थिति निर्मित होती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे गर्मी के दौरान स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, धूप में बाहर निकलते समय शरीर को हल्के रंग के सूती वस्त्रों से ढंक कर रखें और सिर पर टोपी या छाते का प्रयोग करें, सोशल मीडिया एवं समाचारों के माध्यम से प्रसारित स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों का अवलोकन करते रहें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में न निकलें, इस समय लू लगने की संभावना अधिक होती है। चाय, कॉफी और मदिरा जैसे पदार्थों का अत्यधिक सेवन न करें, क्योंकि इनसे डिहाइड्रेशन बढ़ता है। बासी भोजन के सेवन से बचें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। अधिक मेहनत वाले कार्य करते समय समय-समय पर पानी पीते रहे।

### सुरंगों में घुसकर कार्रवाई, उपकरण भी बरामद, प्रशासन ने बढ़ाई सख्ती

# देवखोल में अवैध कोयला खनन पर कार्रवाई, 6 टन से अधिक जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला के पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने व्यापक कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में कोयला जब्त किया है।

खनिज, वन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को सुबह से सघन अभियान चलाकर अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया और मौके से करीब 150 बोरी यानी 6 टन 61 किलो अवैध कोयला बरामद किया। जिले में गठित टास्क फोर्स के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। टीम ने सुरंगों के भीतर प्रवेश कर कार्रवाई की और कोयले के साथ-साथ फावड़ा, गेती, विद्युत पंप, फुटबॉल पाइप तथा बड़ी मात्रा में बिजली के तार भी जब्त किए, इससे यह स्पष्ट होता है कि अवैध उत्खनन संगठित रूप से संचालित किया जा रहा था। इस मामले में छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के अनुसार देवखोल क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध खदानों को ब्लास्ट कर बंद किया गया था। एसईसीएल के माध्यम से सुरंगों को सील करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है, लेकिन कुछ लोग इन्हें दोबारा खोलने का प्रयास करते हैं। हाल ही में पटना पुलिस द्वारा भी 3 टन 200 किलो अवैध कोयला जब्त कर बीएनएस की धारा 106 के तहत अज्ञात ⏭ शेष पेज 4 पर





### ग्रामीणों के लिए रोजगार के विकल्प उपलब्ध

प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में आजीविका के पर्याप्त साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि लोग अवैध गतिविधियों से दूर रहें। वी-बीजी रामजी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन) के तहत स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मुरमा एवं आसपास के क्षेत्रों में 20.07 लाख रूपए के विकास कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण और तालाब गहरीकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 54 लाख रूपए के 30 कार्य प्रस्तावित हैं, जिन्हें मांग के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।

### हाथी ने बाइक सवार को कुचलकर मारा

**बिश्रामपुर।** जिले में हाथी-मानव संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। दो दिनों के भीतर हाथी के हमले से दो लोगों की मौत हो गई है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

ताजा घटना गुरुवार 16 अप्रैल की है। अंबिकापुर से सब्जी बेचकर बाइक से घर लौट रहे अखोराकला घाघी टीकरा निवासी सोहन सिंह (45 वर्ष), पिता जगरनाथ सिंह का घाघी जंगल में हाथी से सामना हो गया। हाथी ने उसे पटककर पैर से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान हाथी ने उसकी बाइक को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले 15 अप्रैल को कल्याणपुर के कोटबहरा निवासी केशव भोई की भी हाथी के हमले में मौत हो गई थी। वह मजदूरी कर अपने साथी महिला को छोड़ने उसके घर जा रहा था, तभी जंगल में हाथी ने उसे पैर से रौंद दिया।

## खबर संक्षेप

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यू एरा पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**रामानुजगंज।** न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।






विद्यालय की छात्रा पारुल सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शाम्भवी गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा साक्षी पैकरा ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शशांक कुमार गुप्ता 92.6 प्रतिशत, अनुश्री पॉल 91.8 प्रतिशत, कृष कुमार गुप्ता 86.2 प्रतिशत, अंशिका गुप्ता 84.8 प्रतिशत, रणवीर अग्रवाल 83.6 प्रतिशत, साक्षी चौरसिया 83 प्रतिशत एवं सुमायरा सदफ 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय की निदेशक श्रीमती ज्योति गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार ने कहा कि विद्यालय में नियमित परीक्षण, अतिरिक्त कक्षाएं एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम के लिए तैयार किया जाता है।

### सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं के परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।






विद्यालय की छात्रा माही एक्का ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकिता रानी गुप्ता ने 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रिंसी शर्मा और निहाल तिवारी ने संयुक्त रूप से 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के नब्या केसरी 88.4 प्रतिशत, आरवी अग्रवाल 85.8 प्रतिशत, प्रिया गुप्ता 85 प्रतिशत, साक्षी मिंज 84.6 प्रतिशत, राज्ञा साहू 84.4 प्रतिशत, मृणाली सावरकर 83.4 प्रतिशत तथा आयुषी तिग्गा 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक निरंतर समर्पण भाव से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे हर वर्ष छात्र उत्कृष्ट परिणाम हासिल करते हैं और आगे उच्च शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक फादर आईजक कुजूर, प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा, उप-प्राचार्य सुरेश कुमार मिंज सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कक्षा पहली में प्रवेश प्रारंभ

**प्रेमनगर।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा पहली में प्रवेश हेतु आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराई गई है।ऑनलाइन आवेदन विद्यालय के पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है, जबकि ऑफलाइन आवेदन हेतु विद्यालय कार्यालय में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक फॉर्म जमा करने की व्यवस्था की गई है।

## युवाओं को मिलेंगे शोध कार्य के अवसर

# नए शिक्षा सत्र से एसजीजीयू शिक्षण विभाग अंतर्गत करेगा 25 नए, पाठ्यक्रमों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रारम्भ से ही विषमताओं से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि ने अब अध्ययन एवं शोध कार्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद विवि प्रबंधन आगामी सत्र से शिक्षण विभाग अंतर्गत 25 नए विषयों का अध्यापन शुरू करने की तैयारियों में जुटा है।

**खास बात**

- हिन्दू धर्म के प्राचीन ग्रंथों के साथ पढ़ेगें बारीकियों एवं कुरीतियों के बारे में

स्थापना के बाद से ही संत गहिरा गुरू विवि उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। कहने को तो विवि सभी आवश्यक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। विवि के शिक्षण विभाग के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक विभागों का संचालन हो रहा है। शोध कार्य के साथ समय पर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं साथ ही परीक्षा परिणाम भी घोषित किये जा रहे हैं लेकिन सही मायनों में स्थापना के 17 वर्ष का लम्बा समय गुजरने के बावजूद विवि अभी अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण तक तैयार नहीं कर सका है। पूर्व के अधिकारियों ने भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की तथा विवि परीक्षाएं आयोजित करने एवं परिणाम घोषित करने तक सिमटा रहा। भवन की समस्या विवि के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। विवि प्रबंधन पिछले कुछ वर्षों से नए विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांग रहा था। शासन ने आगामी सत्र से शैक्षणिक विभाग अंतर्गत 25 नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन पाठ्यक्रमों में 23 विषय विज्ञान, कला, वाणिज्य से संबंधित हैं वहीं दो विषय परंपरागत विषयों से अलग है। नए पाठ्यक्रमों में एक विषय रूरल टेक्नालॉजी है जिसमें ग्रामीण परिवेश से जुड़े खेती, पशुपालन सहित अन्य विधाओं में रोजगार परक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी तथा पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद युवा स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकेंगे। इस पाठ्यक्रम को सरगुजा के युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया जा रहा है। विश्वविद्यालय नए सत्र से हिन्दू अध्ययन विषय की शुरूआत करने की तैयारियां कर रहा है। यह पाठ्यक्रम जेएनयू, बीएचयू सहित देशभर के मात्र डेढ़ दर्जन विश्वविद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में यह पाठ्यक्रम संचालित करने वाला संत गहिरा गुरू विवि एकमात्र यूनिवर्सिटी है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित होंगी साथ ही शोध कार्य के अवसर मिलेंगे।




### होगी वेद उपनिषद् की पढ़ाई

हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी हिन्दू धर्म के प्राचीन ग्रंथ वेद, उपनिषद् वाल्मीकि रामायण, महाभारत सहित अन्य ग्रंथों का अध्ययन करेंगे। पाठ्यक्रम में निर्धारित 10 इकाइयों में तत्व विमर्श अंतर्गत हिन्दू धर्म के आधारभूत दर्शन, इसकी प्राचीनता, धर्म-कर्म विमर्श अंतर्गत राजधर्म, समाज धर्म, स्वधर्म एवं विभिन्न नाट्यों का अध्ययन करेंगे। विद्यार्थियों को पुनर्जन्म, जन्म बंधन, मोक्ष वैदिक परंपरा, पश्चिमी विधि एवं संस्कृत व्याकरण की प्रारम्भिक पढ़ाई करेंगे। पाठ्यक्रम में वर्षों से चली आ रही गलत परंपराओं एवं मिथकों को भी शामिल किया जाएगा।

### कार्यालय में हुई चर्चा

हिन्दू अध्ययन विषय का पाठ्यक्रम तैयार करने के संबंध में विवि द्वारा पिछले दिनों जेएनयू अंतर्गत संचालित स्कूल ऑफ संस्कृत एण्ड इंडियन स्टडीज के डॉ.रामनाथ झा, बीएचयू के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवकुमार त्रिपाठी, आईटीआई कानपुर के प्रो.नचिकेता तिवारी सहित अन्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में हिन्दू अध्ययन विषय के पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि भारत में मैला ढोने की प्रथा थी। मुगलों ने धर्म परिवर्तन कराने का भय दिखाकर इस प्रथा की शुरूआत की। पर्दा प्रथा के कारण सत्ता से जुड़े परिवारों की महिलाएं घर में शौचालय का उपयोग करती थी तथा मैला उठाने की जिम्मेदारी हिन्दुओं को सौंपी गई थी। कालांतर में यह प्रथा बन गई। पाकिस्तान में आज भी मैला उठाने का काम वहां के हिन्दू करते है। कश्मीर में धारा 370 लागू होने के पूर्व हिन्दू वाल्मीकि समाज के लोग यह काम करते थे। भारत में प्रारंभ से ही विभिन्न समुदाय के लोगों के साधु-संत के रूप में जीवन गुजारने की परंपरा रही है लेकिन वर्तमान में यह परंपरा सिर्फ एक जाति विशेष के लोगों के सन्यासी बनने एवं अपने सिद्धांतों को प्रसारित करने की चर्चा होती है। हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम में इन विषयों को भी शामिल किया जाएगा।

### विद्या परिषद् ने दी स्वीकृति

संत गहिरा गुरू विवि के विद्या परिषद् की बैठक बुधवार को भकुरा परिसर में हुई। बैठक में नए विषयों को प्रारंभ करने एवं इनके पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। विद्या परिषद् ने सभी 25 विषयों को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की। परिषद ने आगामी सत्र से पीएचडी के लिए विभिन्न कॉलेजों में आयोजित होने वाले कोर्स वर्क को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित करने एवं शोधकार्य के लेखन में सुधार कर गुणवत्तायुक्त बनाने, शासकीय एवं अन्य नौकरियों को नियोजित व्यक्तियों के लिए पार्टटाइम शोधकार्य करने की स्वीकृति प्रदान की।

### तैयार किया जा रहा पाठ्यक्रम

आगामी शिक्षा सत्र से शिक्षण विभाग अंतर्गत विविध 25 नए पाठ्यक्रम संचालित करने की तैयारियां चल रही है। विवि द्वारा विशेषज्ञों के सहयोग से सभी विषयों का पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

-प्रो.रोहित लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



महिला जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते मंत्री राजेश अग्रवाल।

# महिला आरक्षण महिलाओं को सशक्त बनाएगा : मंत्री राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में भाजपा का नारी शक्ति वंदन अधिनियम संभाग स्तरीय सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। छग शासन मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता में आयोजित इस अतिथि स्वरूप कार्यक्रम में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, डॉ.शारदा भगत एवं कुसुम मिंज विशेष रूप से उपस्थित रही।

सम्मेलन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने संबंधित करते हुए कहा कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित हुआ है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। महापौर मंजूषा भगत ने कहा पीएम मोदी की प्रेरणा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत भागीदारी देगा, जो छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना हमारी जीत है, जिसे पीएम मोदी ने साकार किया। सम्मेलन को जिला महामंत्री अरूणा सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ.शारदा भगत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन फूलेश्वरी सिंह ने किया तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने आभार प्रदर्शन किया। इसमें सह मीडिया प्रभारी रेणु सिंह, मधु चौदहा, अनुपमा, नीलम राजवाड़े, प्रियंका गुप्ता, ममता तिवारी, सावित्री जायसवाल, अनित गुप्त भारती, श्वेता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसईसीएल की नर्सरी से पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र इन दिनों एक गंभीर पर्यावरणीय संकट से जूझ रहा है, जहां लकड़ी तस्करी का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब उस नर्सरी में हो रहा है, जिसे खुद प्रबंधन ने वर्षों पहले हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विकसित किया था। अब वही नर्सरी तस्करों के निशाने पर है और यहां लगे यूकेलिप्टस के सैकड़ों पुराने पेड़ धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक तस्कर रात के अंधेरे में योजनाबद्ध तरीके से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। कटाई के बाद लकड़ियों को तुरंत बाहर नहीं ले जाया जाता, बल्कि नर्सरी परिसर में ही छोड़ दिया जाता है। इसके बाद दिन के उजाले में इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर आसानी से बाहर खपाया जा रहा है, जिससे पूरे अवैध नेटवर्क का पता लगाना और भी मुश्किल हो गया है। इस पूरे मामले में चिंताजनक पहलू यह भी है कि तस्करों द्वारा छोड़ी गई लकड़ियों की छंटाई और उठाव के काम में आसपास के ग्रामीणों की भागीदारी भी बढ़ती जा रही है। आर्थिक लालच या मजबूरी के चलते कई लोग इस अवैध गतिविधि का हिस्सा बनते जा रहे हैं, जिससे समस्या और गहराती जा रही है। वहीं दूसरी ओर एसईसीएल प्रबंधन की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है। इतने बड़े पैमाने पर हो रही अवैध कटाई के बावजूद न तो सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है और न ही किसी तरह की सख्त कार्रवाई सामने आई है। इससे तस्करों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।विडंबना यह है कि हर साल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रबंधन द्वारा पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन यह आयोजन अधिकतर कागजी कोरमपूर्ति तक ही सीमित रह जाते हैं। एक ओर मंचों पर हरियाली बचाने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी क्षेत्र में वर्षों पुराने पेड़ अवैध कटाई की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इससे प्रबंधन की नीयत और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का मानना है कि इस तरह की अंधाधुंध कटाई से न केवल हरियाली खत्म हो रही है, बल्कि क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन भी बिगड़ रहा है।

यूकेलिप्टस जैसे पेड़ मिट्टी की संरचना को बनाए रखने और जल संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। इनके समाप्त होने से भविष्य में सूखा, मिट्टी कटाव और तापमान वृद्धि जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एसईसीएल प्रबंधन से नर्सरी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की जा रही है।

### लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद, क्षेत्र में थम नही रही लकड़ी की अवैध कटाई

सीतापुर। बिना अनुमति के क्षेत्र में लकड़ी की अवैध कटाई दिनो दिन बढ़ता जा रहा है।क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर प्रशासनिक अनुमति के बिना क्षेत्र में बेखौफ होकर अवैध रूप से पेड़ो की कटाई कर रहे है। लकड़ी तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि बेखौफ होकर पेड़ो की कटाई कर रहे। हैरानी की क्षेत्र में अवैध पेड़ो की कटाई जोरों पर है बाजवूद इसके न तो पुलिस प्रशासन और न ही जिला प्रशासन किसी प्रकार की कार्रवाई कर रहे जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। विदित हो कि क्षेत्र में बिना प्रशासकीय अनुमति के बिना ही लंबे समय से अवैध रूप से पेड़ो की कटाई जा रही है। इस काम मे दूसरे प्रांत खासकर यूपी के लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं जो संगठित होकर क्षेत्र में घटना को अंजाम दे रहे है। लकड़ी तस्करों के लिए नियम कायदे कोई मायने नहीं रखते। इनके विरुद्ध वन विभाग ने कई बार कार्रवाई कि लेकिन कोई फर्क नही पड़ा। आलम यह है कि कार्रवाई के बाद वन विभाग का पूरा कैंपस अवैध लकड़ी लोड़ ट्रकों से भर गया है। दो दिन पूर्व ग्राम देवगढ़ से वन विभाग ने अवैध लकड़ी लोड ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में बिना अनुमति के अवैध रूप से काटी गई नीलगिरी की लकड़ी भरी हुआ थी। जिसे क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर यूपी ले जाकर खपाने की तैयारी में थे। लेकिन समय रहते वन विभाग को इसकी भनक लग गई और मौके पर जाकर वनकर्मी ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 6501 को जब्त कर कार्यालय ले आए। इस दौरान जब्त ट्रक को छुड़ाने कुछ नेताओं ने काफी दबाव बनाया लेकिन वन विभाग ने किसी की नहीं सुनी। वन विभाग ने जब्त ट्रक के विरुद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी के निर्देश पर सुनयना एक्का, राजू बेक, जुएल बरवा, ललिता मिंज, अविनाश, अनुराग तिग्गा सक्रिय रहे।



# अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस लाईन में नगर सेना के अग्निशमन दल द्वारा पुलिस अधिकारी व जवानों को अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आग से बचाव, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और आग लगने के दौरान शांत रहने के महत्व पर जानकारी दी गई। जिले में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित होंगे जिसके तहत अग्निशमन दल के द्वारा स्कूल, कॉलेजों, कारखानों व महत्वपूर्ण स्थानों पर आग लगने के दौरान जान-माल की सुरक्षा कैसे कर सकते है उसके लिए डेमो देकर जानकारी साझा की जाएगी।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि जब हम वर्दी धारण कर किसी घटना-दुर्घटना, आग जैसी उत्पन्न आपात स्थिति में राहत और बचाव के लिए पहुंचते है तो सभी को लगता है कि हम सब इस चुनौती से निपटने के लिए प्रशिक्षित है। ऐसे परिस्थिति से निपटने के लिए हमें प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है ताकि हम लोगों की जान बचा सके। इस ड्रिल में आग से बचाव, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और आग लगने के दौरान अपनी और वहां मौजूद लोगों को किस तरह से सुरक्षित बाहर निकाला जाए। ऐसी स्थिति में सावधानी बरतते हुए सुरक्षा को पहले रखें, अगर आग बड़ी है तो सतर्कता बरते, घबराए नहीं, सुरक्षित स्थान पर पहुंचे, अग्निशमन दल के पहुंचने का इंतजार करें।

एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि कारखाने, संस्थानों सुनिश्चित करें कि अग्निशामक यंत्र उपलब्ध हों और काम कर रहे हों। इस अवसर पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि आग लगने पर सबसे पहले शांत रहकर कॉल करने, बिजली का मुख्य स्विच बंद करने और यदि आग छोटी है तो फायर एक्सटिंग्यूशर या गीले कंबल का उपयोग करें। धुएँ से बचने के लिए झुककर बाहर निकलें, भीड़ न लगाएं और निकास मार्ग खुला रखें। इस दौरान निरीक्षक जावेद मियांदाद, राजेन्द्र साहू, उप निरीक्षक अग्निशमन राकेश पांडेय, पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## शिक्षक तिवारी के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

कुसमी। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक चिंतामणि तिवारी ने अपनी अर्द्धवार्षिक आयु पूर्ण करते हुए 31 मार्च को लगभग 41 वर्ष की सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्ति हो गए। चिंतामणि तिवारी के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में गत दिन विद्यालय परिवार द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर चिंतामणि तिवारी अपनी धर्मपत्नी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य कंचन कुसुम द्वारा की गई। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा चिंतामणि तिवारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। अपने उद्बोधन में चिंतामणि तिवारी ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान हरकेश भारती, कुमुदुनी मिंज, मुकेश यादव, संत कुमार कुशवाहा, विनीत पांडेय, इंद्रनाथ पैकरा, अमित गुप्ता, विपुल सिंह, पार्वती सोनवानी, सुबिन पाइक, सुभाष कुमार, कल्याणी एक्का, प्रेमा भगत, आशुतोष कुजूर, अनिता बोरकर, अर्चना भगत, जीत मणि, प्रमिला तिर्की, वीरेंद्र पैकरा, संजय लकड़ा, मानमती टोप्पो सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

# स्कूल के निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



शासकीय प्राथमिक शाला बगाड़ी में पदस्थ प्रधान पाठक की लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां प्रधान पाठक जुगुल बिहारी मौके पर अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्था का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर स्कूल की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान पाठक अक्सर विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं और कई बार शराब के नशे में स्कूल पहुंचते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार समझाइश दी गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीण सुनीता ने बताया कि 26 जनवरी के दिन भी प्रधान पाठक नशे की हालत में विद्यालय पहुंचे थे और बच्चों व ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया था।

## नारी शक्ति वंदन पद यात्रा में महिलाओं ने भारी हुंकार

हरिभूमि न्यूज : रामानुजगंज
नारी शक्ति वंदन अधिनियम मोदी सरकार द्वारा संकल्प से सिद्धि तक की एक ऐतिहासिक यात्रा है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2026 की परिसीमन प्रक्रिया के तहत महिलाओं को नया और सशक्त अधिकार मिलेगा, जिससे उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व और भी मजबूत होगा। इस अधिनियम के जरिए भारत एक सशक्त लोकतंत्र के नए अध्याय में प्रवेश करेगा, जहाँ महिलाएं राजनीति में और समाज में अपनी भूमिका को और प्रभावशाली तरीके से निभा सकेंगी। उक्त बातें नारी शक्ति वंदन पद यात्रा में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कही। नारी शक्ति वंदन पदयात्रा पुराना बस स्टैंड से शहर के मुख्य मार्ग होते हुए, हाई स्कूल ग्राउंड में पहुंची। जहां कार्यक्रम की समापन की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज के अध्यक्षता में कार्यक्रम की गई । कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री मंजू भट्ट ने किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित,सुमित्रा चेरवा, नपा उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, जितेंद्र श्रीवास्तव, गौतम सिंह,अजय यादव, मंगलम पांडे, राजू गुप्ता, रजनी सोनी, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता सुविदा आयाम, गायत्री प्रजापति, अर्पण दीक्षित, अनीता मरकाम, सुनैना गुप्ता,अंजू लकड़ा, किरण पासवान, अंजू कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

न्यायालय नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ..................
// ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदिका वीणा पाणी सिंह पति स्व. बिसेन स्व. श्री सूर्यकरण बिसेन जाति क्षत्रीय निवासी ग्राम सिविल लाईन बिलासपुर तहसील बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका बहन श्रीमती सरोज सिंह पति जानकी शरण सिंह के नाम पर नजूल भू-खण्ड क्रमांक 21/2 सीट नं. 05 भट्ठीपारा बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया में स्थित है। आवेदिका की बहन की मृत्यु दिनांक 05.12.2022 को हो गई है। स्व. सरोज सिंह की मृत्यु के पश्चात् उनका नाम राजस्व प्रपत्र से विलोपित किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 30.04.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

नजूल अधिकारी एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

## जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.)
### कार्यालय - तुलजा भवानी मन्दिर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
पंजीयन क्रमांक 2644/1972 ( निर्वाचन कार्यालय)

क्रमांक 01/ निर्वाचन जि.म.स. बिलासपुर/2026 — दिनांक 17/4/2026

**निर्वाचन सूचना**

जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.) के समस्त सम्मानीय सदस्य गण को सूचित किया जाता है कि जिला मराठा बिलासपुर (छ.ग.) का सत्र 2026 से 2029 तक कार्यकाल हेतु चुनाव/ निर्वाचन दिनांक 3/5/2026 दिन रविवार को आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगा।

**निर्वाचन की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी**

| क्र. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक नामांकन पत्र का वितरण | 18.04.2026 से 19.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 2 | नामांकन जमा करने का | 21.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की जाँच एवं प्रकाशन | 22.04.2026 | सायं 5 से 6 बजे तक |
| 4 | नामांकन पत्रों पर दावा आपत्ति | 22.04.2026 | सायं 6 से 7 बजे तक |
| 5 | आपत्तियों का निराकरण | 22.04.2026 | सायं 7 बजे से 8 बजे तक |
| 6 | नाम वापसी | 23.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 7 | नामांकन पत्रों का अन्तिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन | 24.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 8 | मतदान | 03.05.2026 | प्रातः 8 बजे सायं 5 बजे तक |
| 9 | मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 03.05.2026 | मतदान के लगभग 1 घंटे पश्चात मतगणना प्रारंभ |

सम्पूर्ण कार्यक्रम आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी
जिला मराठा समाज, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पहाड़ी मंदिर का मनाया गया 12वां स्थापना दिवस

रामानुजगंज। जिले के प्रमुख आस्था केंद्र पहाड़ी मंदिर का 12वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन, आरती तथा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के सुभाष जायसवाल ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से ही इसी दिन पहाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि यह मंदिर पूरे क्षेत्रवासियों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को माता रानी की पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होने पर खुशी जताई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सोनी ने भी मंदिर के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूर्व पार्षद अशोक गौड़ ने कहा कि दुर्गम स्थान पर माता का मंदिर स्थापित होना पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है।

# तानसेन भवन में सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम



**डोमनहिल।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं उपाध्यक्षाओं के मार्गदर्शन और उपस्थिति में संपदा महिला समिति चिरमिरी क्षेत्र द्वारा 17 अप्रैल को तानसेन भवन चिरमिरी में एक भव्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के करकमलों से विभिन्न सामाजिक कार्य संपन्न किए गए। निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के अंतर्गत चतुर्थ बैच 21 अगस्त 2025 से 21 फरवरी 2026 के 12 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, बैग, फाइल एवं फूड पैकेट वितरित किए गए।

इसके साथ ही निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 15 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, सिलाई मशीन एवं फूड पैकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो जरूरतमंद छात्राओं को आर्थिक सहायता भी दी गई। कक्षा पहली की छात्रा अनन्या शर्मा को सेंट्रल स्कूल में प्रवेश एवं वार्षिक फीस के लिए 15,000 की सहायता राशि प्रदान की गई, जबकि कक्षा सातवीं की छात्रा आरोही शर्मा को डीएवी स्कूल में प्रवेश के लिए 15,000 की सहायता राशि दी गई। यह संपूर्ण कार्यक्रम संपदा महिला समिति चिरमिरी क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती बबीता कुमार एवं समिति की सभी सदस्याओं के सहयोग से संपन्न हुआ।

# बचरा पोड़ी में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बचरापोड़ी



ग्राम बचरा पोड़ी में अंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश देने वाला आयोजन संपन्न हुआ। अंबेडकर जयंती के इस विशेष अवसर पर सूर्यवंशी महासभा छग राज्य के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया।

इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला और काफी संख्या में ग्रामीणों व समाज के लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्ष, शिक्षा और संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्त्रोत है। आयोजन में सूर्यवंशी महासभा के पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका रही। ब्लॉक अध्यक्ष विजय प्रसाद कुर्रे, युवा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार जांगड़े, जिला संयोजक सुरेन्द्र कुमार कुर्रे सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महिला विंग की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिसमें महिला ब्लॉक अध्यक्ष भागामानिया कुर्रे सहित अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इस अवसर पर अरविंद कुमार, श्रीराम कुर्रे, बृजलाल कुर्रे, ललित (दीपू) कुर्रे, विवेक कुर्रे, गुलशन कुर्रे, अंकित कुर्रे, गणेश कुर्रे, राकेश कुमार कुर्रे, राम प्रसाद कुर्रे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। साथ ही सरपंच जयप्रकाश शांडिल, उप सरपंच संदीप जायसवाल, शिक्षकों एवं समाजसेवियों सुषमा पैकरा, सुनीता लकड़ा, स्नेहलता, संतोष जायसवाल, गिरिजा प्रसाद, अजय कुर्रे, सुभाष चंद्र जांगड़े, राजेश कुमार कुर्रे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।




### युवक की बाइक ले उड़े चोर

सूरजपुर। ग्राम पंपापुर साहू पारा निवासी संदीप साहू आ. गौरीशंकर साहू (21 वर्ष ) बुधवार को सूरजपुर साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने बाइक क्रमांक सीजी 16 सीजे 2052 से आया था। युवक बाइक को तालाब के समीप खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने चला गया।




## पृष्ठ 3 का शेष

### एमसीबी में पांच...

के जरिए लाइव देखा। अब तक विकासखंड खड़गवां में केवल दो समितियां खड़गवां और कोड़ा ही संचालित थीं। भौगोलिक दूरी और अधिक कार्यभार के कारण किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। नई समितियों के शुरू होने से अब उनकी संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिससे किसानों को राहत मिलेगी। इन समितियों के संचालन से किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और न ही लंबी कतारों में खड़ा होना होगा। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और बिना ब्याज के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ भी अब आसानी से मिल सकेगा। नई समितियों के शुभारंभ से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### अब नहीं होगा...

को जल स्त्रोतों में न डालकर पुष्प वाहन को ही सौंपें, ताकि शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके। नगरपालिका के इस प्रयास की स्थानीय नागरिकों द्वारा भी सराहना की जा रही है और इसे स्वच्छता अभियान के तहत एक प्रभावी पहल माना जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष एवं पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, अनिल शर्मा, अजय सिंह, पार्षद धीरज शिवहरे, अंकित गुप्ता, अनुराग दुबे, मनीष सिंह सहित काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

### देवखोल में अवैध...

व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। वनमंडलाधिकारी ने भी कहा कि ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाएगा और आगे और सख्ती बरती जाएगी।

# रामसेवक बने पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



योग एवं आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रामसेवक विश्वकर्मा को तहसील प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भारत स्वाभिमान न्यास छग के प्रदेश महामंत्री एवं वरिष्ठ राज्य प्रभारी संजय अग्रवाल द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति राज्य इकाई छग द्वारा जारी नियुक्ति पत्र को वरिष्ठ जिला योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने रामसेवक विश्वकर्मा को औपचारिक रूप से सौंपा। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में काफी संख्या में योग साधक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रामसेवक विश्वकर्मा लंबे समय से योग और सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं तथा उन्हें यह दायित्व दिए जाने से क्षेत्र में योग, स्वदेशी विचारधारा और स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पूरे मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में योग के संगठनात्मक कार्यों को मजबूती मिलेगी और अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर महिला योग प्रभारी बलबीर कौर, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण निशि, आरडी दिवान एवं जगदंबा अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नव नियुक्त तहसील प्रभारी को शुभकामनाएं दीं। पतंजलि महिला योग समिति जिला इकाई की ओर से कल्पना सिंह राजपूत, सुनीता शर्मा, अनीता फरमानिया, रूपा पोद्दार, पिंकी सलूजा, विनीता उपाध्याय, सुमन एवं नीलम दुबे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।







